# औषधीय पौधों की खेती का सफल प्रयास : छत्तीसगढ़ के किसानों में जगी नई आस, प्रति एकड़ 75 हजार से डेढ़ लाख रूपए तक की आमदनी

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड द्वारा महत्वपूर्ण औषधीय पौधे- सैलेशिया, नन्नारी, मिल्क थिसल, पुदीना, यलंग-यलंग, सिट्रोडोरा एवं गुड़मार आदि पौधे का छत्तीसगढ़ में कृषिकरण को विशेष रूप से बढ़ावा दिया जा रहा है। इन प्रजातियों के कृषिकरण से किसान प्रति एकड़ 75 हजार से डेढ़ लाख रूपए तक की आमदनी प्राप्त कर सकते है।

इस संबंध में वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप राज्य में औषधीय प्रजातियों का कृषिकरण किए जाने का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक खेती के अतिरिक्त अन्य फसल के वाणिज्यिक कृषिकरण को बढ़ावा देकर स्थानीय कृषकों के आर्थिक लाभ को बढ़ाना एवं कृषिकरण के प्रति उनका मनोबल बढ़ाना है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव ने बताया कि छत्तीसगढ़ में औषधि पादप बोर्ड द्वारा किसानों को दी जा रही सहुलियत के फलस्वरूप इनकी खेती के लिए भरपूर प्रोत्साहन मिल रहा है। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में 108 एकड़ में प्रायोगिक तौर पर बच की खेती तथा 800 एकड़ से अधिक रकबा में लेमन ग्रास की खेती की जा रही है।

राज्य औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने बताया कि छत्तीसगढ़ की जलवायु औषधीय प्रजातियों के लिए बहुत उपयुक्त है। बोर्ड का यह प्रयास है कि किसानों को उपरोक्त प्रजातियों के फायदे एवं कृषिकरण की जानकारी देकर इसके लिए प्रोत्साहित किया जाना। उक्त प्रजातियों के कृषिकरण का प्रयास बोर्ड द्वारा जा चुका है, जो सफल हुआ है। ये औषधीय पौधे कई बीमारियों में उपयोग किये जाने के कारण इनका बाजार मांग अधिक होने के साथ-साथ अत्यधिक मूल्य वाले प्रजातियॉ है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड जे.ए.सी.एस. राव ने जानकारी दी कि इसका मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार करना एवं पलायन करने वाले युवाओं को भी बेहतर भविष्य की तरफ ले जाना है। उक्त प्रजातियों के कृषिकरण हेतु नि:शुल्क पौधे एवं मार्गदर्शन छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड द्वारा दिया जा रहा है एवं बोर्ड द्वारा मार्केटिंग की सुविधा भी उपलब्ध करायी जा रही है।





सैलेशिया बहुवर्षीय काष्ठीय लता वाली झाड़ी है इसके जड़ औषधीय महत्व के होते है, जिनका उत्पादन किया जाता है। इसके जड़ का उपयोग मोटापा कम करने व मुख्य रूप से डायबिटिस रोग में किया जाता है। साथ ही इसके तने में भी औषधीय गुण सैलेषिलॉन मैंजीफेरीन पाये जाते है, जिसका बाजार मांग है। इसकी खेती बीज एवं तने के कटिंग से की जाती है। एक एकड़ में रोपण हेतु 3000 पौधे की आवश्यकता होती है। एक एकड़ से सालाना 2.00 लाख रूपये प्राप्त होता है। इसे प्रत्येक 4 वर्षो में संग्रहण किया जाता है।

नन्नारी एक बहुवर्षीय काष्ठीय लता है, जिसके जड़ का उपयोग औषधीय में किया जाता है। इसके जड़ में बिटा-साइक्लोडेस्ट्रीन (वनीला फ्लेवर) पाया जाता है। यह एन्टीआक्सिडेंट से भरपूर होता है। जिसका उपयोग हर्बल हेल्थ ड्रिंक्स में किया जाता है। इसकी बाजार मांग अंतराष्ट्रीय स्तर पर अत्यधिक है। इसके खेती से किसान एक एकड़ से 1.5 साल में 5 से 6 लाख रूपये की आय प्राप्त कर सकते है। जो कि अन्य फसल के खेती से प्राप्त नही की जा सकती है। इसकी खेती हेतु रेतीली दोमट मिट्टी उपयुक्त होती है। पौधे से 18-30 माह में जड़ का संग्रहण किया जाता है। एक एकड़ से 2 टन सूखा जड़ प्राप्त होता है। इसका बाजार मूल्य 300 रू. है। एक एकड़ से किसान को 5 से 6 लाख रू. आय प्राप्त होती है। मिल्क थिसल बहुवर्षीय शाकीय पौधा है। यह एक प्रकार का खरपतवार जैसा है, जो आसानी से फैलता है। यह एक शोध पौधा है, जिसका उपयोग मुख्य रूप से लीवर रोग में किया जाता है। इस कारण इसका बाजार मांग अत्यधिक है। इसे किसी भी प्रकार के मिट्टी में लगाया जा सकता है। इसके बीज का छिडक़ाव कर खेती की जाती है। इसके बीज का छिडक़ाव अक्टूबर माह में किया जाता है। इसके बीज का संग्रहण जुलाई से अगस्त माह में किया जाता है। इस पौधे की यह विशेषता है कि इसे कम पानी एवं किसी भी प्रकार के मिट्टी में लगाया जा सकता है। यह एक रवी फसल है, जो धान के फसल लगाने के पश्चात इस फसल को लगाकर किसान एक एकड़ से लगभग 50 से 60 हजार का मुनाफा प्राप्त कर सकते है।

पुदीना सामान्य शाकीय पौधा है, यह रवी फसल के रूप में अक्टूबर माह में लगाया जाता है, जो 4 से 5 माह में तैयार हो जाता है। इसे खरीफ फसल के बाद वाणिज्य फसल के रूप में छत्तीसगढ़ में 2 वर्षो से सफल कृषिकरण किया जा रहा है। एक एकड़ से लगभग 30 से 50 किलोग्राम तेल प्राप्त किया जाता है। किसान अपने खेत में लगाकर अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकते है। यह बहुत ही कम देखभाल वाला पौधा है। इसके तेल की बाजार मांग अच्छी है। पुदीना की खेती से किसान एक एकड़ से 30 से 50 हजार रूपए तक की आय प्राप्त कर सकते है।

खुशबूदार पौधे में यलंग-यलंग, जिसे इत्रों की रानी कहते है। यह तेजी से बढऩे वाला वृक्ष है। इसके पेटल से खुशबूदार तेल प्राप्त होता है। यह छत्तीसगढ़ के जलवायु में आसानी से उगाया जा सकता है। इसके तेल का उपयोग एंजाटि, उच्च रक्तचाप आदि में मुख्य रूप से किया जाता है। तीन वर्ष पश्चात् पौधे से फूल उगने लगते है। इसके तेल की कीमत काफी ज्यादा होती है। ऐसे में पौधे का कृषिकरण करने पर किसानों को कई गुणा लाभ इस फसल से होगा जो अन्य पारंपरिक खेती ज्यादा है।

अन्य सुगंधित पौधे के रूप में सिट्रोडोरा, जो ऊंचा वृक्ष है। यह छत्तीसगढ़ के जलवायु में आसानी से उगाया जा सकता है। इसके लिए अच्छी धूप, जल निकासी क्षेत्र व बंजर भूमि में भी लगाया जा सकता है। इसे 4 से 5 वर्ष में जमीन से 5 फीट छोड़ कर तने को काट देने के उपरांत आये पत्तियों का संग्रहण किया जाता है। इसकी पत्तियों से नींबू की सुगंध आती है। इसका तेल एंटीसेप्टिक व जीवाणुरोधी है। इसका उपयोग खांसी और गले में खराश व अन्य संक्रमण में राहत के लिए किया जाता है। इसके तेल का बाजार मूल्य 1200 प्रति लीटर है एवं किसान इसकी खेती कर एक एकड़ से एक लाख रूपए सालाना आय प्राप्त कर सकते हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### भक्तों को वितरित किया गया भगवान श्रीराम का छ.ग. वन गमन पथ का थ्रीडी पोस्टर



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** भगवान श्रीराम जी के छत्तीसगढ़ वन गमन पथ का थ्रीडी पोस्टर जनसंपर्क विभाग द्वारा सारंगढ़ और बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम पिकरीपाली, मंधाईभाठा, भाठागांव, कोसीर, मुडवाभांठा के सभी रामनामी (शरीर में राम नाम का गोदना किए व्यक्ति) 80 वर्षीय वरिष्ठ जनों को ससम्मान दिया गया। साथ ही कोसीर में आयोजित पितृ पक्ष में पाक्षिक रामायण पाठ करने वाले श्रीराम भक्तों, पत्रकार एवं साहित्यकार लक्ष्मीनारायण लहरे तथा ग्राम लेन्ध्रा में हनुमान मंदिर के पुजारी एवं रामायण पाठ करने वाले और श्रोता को भी प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि 6 अक्टूबर को कलेक्टोरेट सारंगढ़ में रामचरितमानस मंडलियों, इच्छुक व्यक्तियों और समीप के मंदिर में भजन करने वाले भक्तों को भी प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री बघेल को सभी श्रीराम भक्त श्रद्धालुजनों ने धन्यवाद दिया।

### उड़न दस्ता, निर्वाचन कंट्रोल रूम, स्थैतिक और वीडियो निगरानी दल का प्रशिक्षण संपन्न

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो निगरानी दल, उड़न दस्ता एवं निर्वाचन नियंत्रण कक्ष (कन्ट्रोल रूम) की ड्यूटी से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा निर्वाचन के दौरान किए जाने वाले कार्यों का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर टी.आर. महेश्वरी उपस्थित थे।

## डीजे, साउंड सिस्टम संचालकों की छाल थाना प्रभारी ने ली बैठक

❒ न्यायालय के दिशा निर्देशों की दी जानकारी

**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर आज थाना प्रभारी छाल निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा आज दिनांक 08.102023 को थाने में क्षेत्र के ध्वनि विस्तारक यंत्रों (डी. जे. साउंड सिस्टम, लाउडस्पीकर) के संचालक/आयोजकों की बैठक लिया गया जिसमें उनके द्वारा संचालकों/आयोजकों को रात्रि 10:00 बजे से प्रात: 6:00 बजे के मध्य किसी भी प्रकार की ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नहीं करने साथ ही माननीय उच्च न्यायालय के प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने का समझाईस/हिदायत दिया गया है। संचालकों को थाना प्रभारी ने सचेत किया कि नियमों के उलंघन करते पाये जाने पर उनके साउंड सिस्टम जप्ती के साथ संबंधित के विरूद्ध अन्य विधि अनुरूप कार्यवाही किया जावेगा।



## उप स्वास्थ्य केन्द्र से बैटरी, पंखा, कूलर चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार, आरोपी से बैटरी व इन्वर्टर बरामद

**रायगढ़।** उप स्वास्थ्य केंद्र नूनदरहा से बैटरी, पंखे, कूलर चोरी करने वाले आरोपी को आज घरघोड़ा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, आरोपी से एक बैटरी और माइक्रोटेक कंपनी का इनवर्टर की जप्ती की गई है।

उप स्वास्थ्य केंद्र में चोरी को लेकर दिनांक 04.10.2023 को ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक श्रीमति अमला तिग्गा द्वारा थाना घरघोड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 30.09.2023 के सुबह उप स्वास्थ्य केन्द्र नूनदरहा के दरवाजा को ताला बंद करके अपने ससुराल रायगढ़ गई थी। दूसरे दिन दिनांक 04.10.2023 के सुबह वापस उप स्वास्थ्य केन्द्र गई तो वहां का गेट खुला हुआ था, अंदर जाकर देखी स्वास्थ्य केन्द्र से 01 बैटरी मय इन्वर्टर, 03 नग पंखे, 01 कूलर, 01 बी.पी. मशीन, 01 वेट मशीन और 03 नग रजिस्टर को कोई अज्ञात चोर द्वारा रात्रि में उप स्वास्थ्य केन्द्र का ताला तोड कर अंदर घुसकर चोरी कर ले गया था। प्रार्थीया के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी पर धारा 457,380 भा.द.वि. के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान आज मुखबिर सूचना पर संदेही भारत राठिया निवासी नुनदरहा, थाना घरघोड़ा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो दिनांक 03.10.2023 के रात्रि अपहृत मसरूका को चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी भारत राठिया पिता मनीराम राठिया उम्र 23 वर्ष सा. नुनदरहा, थाना घरघोड़ा, जिला रायगढ़ (छ.ग.) के मेमोरंडम कथन पर चोरी संपत्ति एक एक्साईड कंपनी बैटरी तथा एक माइक्रोटेक कंपनी का इन्वर्टर जुमला कीमती 19,500 रूपये जप्त कर बरामद किया गया। आरोपी द्वारा शेष अपहृत संपत्ति को अज्ञात फेरी कबाड़ियों के पास बिक्री कर बिक्री रकम को खाने पीने में खर्च करना बताया गया। आरोपी को घरघोड़ा पुलिस द्वारा विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



## डीआईजी राम गोपाल गर्ग ने ली रायगढ़ पुलिस अधिकारियों की वर्चुअल बैठक

❒ चुनावी तैयारी, बैंकों की सुरक्षा, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल व विजुअल पुलिसिंग पर दिए महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश

❒ अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी से करने हेतु किया निर्देशित



**रायगढ़।** दिनांक 08.10.2023 के सुबह उप पुलिस महानिरीक्षक रायगढ़ रेंज राम गोपाल गर्ग द्वारा रायगढ़ जिले के पुलिस अधिकारियों की वर्चुअल मीटिंग लिया गया जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार समेत जिले के राजपत्रित अधिकारी, थाना/चौकी प्रभारी व उप निरीक्षक स्तर के अधिकारीगण सम्मिलित हुए। वर्चुअल मीटिंग में डीआईजी रामगोपाल गर्ग ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से चुनावी तैयारी के संबंध में जानकारी लिया गया तथा चुनाव कराने आने वाले अर्धसैनिक बलों के ठहरने, आवागमन इत्यादि के संबंध में चर्चा कर कर महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये हैं।

डीआईजी रामगोपाल गर्ग द्वारा शीघ्र आचार संहिता लागू होने की जानकारी देकर सभी को आचार संहिता का पालन करने व प्रभावी रूप से पालन करने कहा गया। उन्होंने अधिकारियों को फ्लाईंग स्क्वॉड व एसएसटी की टीमों को अच्छे से ब्रीफ कर बॉर्डर चेक पोस्ट पर अवैध शराब व अन्य किसी अवांछित सामग्रियों की सघन जांच व कार्यवाही के निर्देश दिए। मीटिंग में उन्होंने जमीन संबंधी विवाद में अनिवार्य रूप से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का निर्देश दिया गया तथा अधिकारियों को निर्देशित किये कि रात्रि में गस्त में लगे जवानों को ब्रीफ करें कि वे रात्रि आने जाने वालों से रोक-ठोक किया करें। ट्रैफिक को लेकर उन्होंने निर्देशित किया कि अनावश्यक सड़क पर खड़े ट्रैकों व वाहनों पर कार्यवाही किया जावे।

उन्होंने आने वाले समय में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होना बताकर उन्हें सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर निगाह रखने एवं अनर्गल, भड़काऊ पोस्ट डालने वालों को चिन्हित कर कार्यवाही का निर्देश दिया गया है। बैंक सुरक्षा को लेकर उन्होंने निर्देशित किया कि प्रतिदिन बैंकों की चेकिंग की जानी चाहिए, किराएदारों की नियमित जांच हो तथा जेल से रिहा होने वाले संपत्ति संबंधी अपराधों के आरोपियों की लिस्टिंग कर निगाह रखी जायें। अपराधों में कमी लाने विजुअल पुलिसिंग के साथ लघु व प्रतिबंधात्मक कार्यवाही अधिक से अधिक करें। डीआईजी ने सभी पुलिस अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी से करने हेतु निर्देशित किया और कहा के जनता से सौद्र व्योहार करें। किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर कड़ी वैधानिक कार्यवाही की चेतावनी भी दी।

## छ.ग. ग्रामीण आवास न्याय योजना के तहत सात लाख परिवार को दी गई पहली किश्त

❒ राज्य सरकार प्रदान करेगा छ.ग. ग्रामीण आवास न्याय योजना के मकान की पूरी लागत राशि

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार ने छत्तीसगढ़ के आवासहीन परिवारों को पक्का मकान दिलाने के लिए लोकसभा सांसद राहुल गांधी के मुख्य आतिथ्य में बिलासपुर जिले के तखतपुर विकासखण्ड के ग्राम परसदा सकरी में 25 सितम्बर को छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना की शुरूआत की है। जिसके तहत राज्य के 7 लाख आवासहीनों को पहली किश्त के रूप में 25-25 हजार रूपए की राशि दी गयी है। सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण में नये 47 हजार पात्र लोगों को तथा श्रमिकों को भी आवास निर्माण के लिए राशि दी गई है। उल्लेखनीय है कि इस योजना में सिर्फ छत्तीसगढ़ सरकार ही आवासहीन हितग्राहियों को छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना अंतर्गत मकान निर्माण की पूरी लागत राशि प्रदान करेगा। इस योजना के लिए राज्य सरकार ने इस वर्ष सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 कराया था।



## छिन्द रीपा की बेकरी यूनिट लघु उद्योग के रूप में हो रहा विकसित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा दूरगामी परिणाम को मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए लघु उद्योग की स्थापना के लिए शुरू की किया गया महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) का परिकल्पना धरातल पर साकार हो रहा है। सारंगढ़ विकासखंड के छिंद रीपा में दिशा आदर्श स्वसहायता समूह ने बेकरी यूनिट का प्रारंभ अप्रैल 2023 में प्रारंभिक तौर पर शुरू किया है। आधुनिक बेकरी मशीन मई 2023 में प्राप्त होने और स्थापना के बाद से निरंतर बेकरी उत्पादन हो रहा है। इसमें कई प्रकार के बिस्किट, केक, ब्रेड आदि शामिल हैं। दिशा आदर्श स्वसहायता समूह की अध्यक्ष चन्द्रकला रात्रे ने बताया कि इस रीपा यूनिट से 7 लोगों को रोजगार मिला है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 15 लाख का बेकरी यूनिट मशीन और का कच्चा उत्पाद खरीदी के लिए एक लाख रूपए मिला है। शासन द्वारा दी गई इस राशि का भुगतान समूह को 10 साल में किश्तों में करना है। समूह ने बेकरी के लिए सांचा की खरीदी डेढ़ लाख में की है और आवश्यक पॉलीथीन की खरीदी 75 हजार में की है। उन्होंने बताया कि छिंद के आसपास के गांव सहित दूरदराज क्षेत्रों के व्यापारीगण इस बेकरी यूनिट का उत्पाद खरीद रहे हैं और सारंगढ़ के सारबिला सी-मार्ट में भी उत्पादन को बिक्री के लिए भेजा जाता है।



## साइबर सेल और कोतवाली पुलिस की ज्वांइट टीम ने की शहर के अलग-अलग इलाकों में शराब रेड कार्यवाई : आरोपियों से 50,100 रुपए कीमत के 456 पाव देशी व अंग्रेजी शराब जब्त

❒ थाना कोतवाली में आरोपियों पर आबकारी एक्ट की कार्यवाही

**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा अवैध शराब पर प्रभावी कार्यवाही के दिए गए दिशा निर्देशों पर आज दिनांक 08.10.2023 को साइबर सेल पर्यवेक्षण अधिकारी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में साइबर सेल और थाना कोतवाली स्टाफ के साथ ज्वाइन्ट टीम तैयार किया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों में तैनात किये गये मुखबिरों से अवैध शराब के संबंध में जानकारी लिया गया, जिसमें शहर के ढिमरापुर में साहिल खान, जोगीडिपा में बैजनाथ सारथी और केवड़ाबाड़ी के पास अजय गुप्ता और अभिषेक भट्ट नाम के युवक अपने गुमटीनुमा होटल, घर में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने की सूचना प्राप्त हुआ। तत्काल ज्वांइट रेड पार्टी द्वारा एक के बाद एक स्थानों पर घेराबंदी कर शराब रेड कार्यवाही किया गया जिसमें अवैध शराब के साथ चारों आरोपी पकड़े गए। आरोपियों से कुल 456 पाव देशी मशाला, प्लेन शराब, गोवा अंग्रेजी शराब कुल कीमत 50,100 रूपये का बरामद हुआ जिन्हें अवैध शराब समेत थाना कोतवाली लाया गया। आरोपियों पर थाना कोतवाली रायगढ़ में धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत पृथक-पृथक कार्यवाही की जा रही है। शराब रेड कार्यवाही के लिये बनाये गई ज्वाइंट में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे ,सहायक उप निरीक्षक दिलीप बेहरा, प्रधान आरक्षक हेमन पात्रे, जगदीश नायक, दिलीप भानु, आरक्षक मनोज पटनायक, भगवती प्रसाद रत्नाकर, विक्रम कुजूर तथा साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, बृजलाल गुर्जर, दुर्गेश सिंह, महिला प्रधान आरक्षक रेनू सिंह मंडवी, आरक्षक महेश पंडा, प्रशांत पंडा, धनंजय कश्यप, विक्रम सिंह और सुरेश सिदार शामिल थे।



अवैध शराब के साथ पकड़े गए आरोपी-

1. अजय गुप्ता पिता मुन्ना गुप्ता उम्र 48 साल निवासी जयराम कॉलोनी रेलवे अस्पताल रायगढ़

2. अभिषेक भट्ट पिता विकास भट्ट उम्र 22 साल निवासी सोनूमुडा दीवानपारा रायगढ़

3. साहिल खान पिता हफीज खान उम्र 20 साल निवासी ढिमरापुर

4. बैजनाथ सारथी पिता शिवनारायण सारथी उम्र 34 साल निवासी जोगीडिपा थाना सिटी कोतवाली रायगढ़

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480